हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 वेंडर्स की मनमानी और विभागीय साठगांठ से गहराया ...



11 चार महीने बाद भी रिटेंशनधारियों का कम ...



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर डूमरडीह नाला के पास युवक शराब रखकर बेच रहा था। दबिश देकर डुंडेरा निवासी शंभुनाथ अग्रवाल को पकड़ा गया है। आरोपी के पास से 40 शोले मसाला देशी मदिरा जब्त किया है। जिसमें कुल 7.200 बल्क लीटर शराब जब्त किया गया है। उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### 7 साल बाद जानलेवा हमला के दो गिरफ्तार

**भिलाई।** ट्रक चालक के साथ मारपीट कर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर फरार होने वाले आरोपियों को पुलिस ने सात साल बाद गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि 20 अगस्त 2019 को ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज, बीईसी कंपनी गेट के सामने ट्रक चालक प्यारेलाल यादव, सत्य प्रकाश के साथ पुरानी रंजिश और विवाद के चलते आरोपियों ने गाली-गलौच कर हाथ-मुक्का, पत्थर से हमला किया था। उसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने जांच कर सूचना के आधार पर बीईसी चौक, राजीव नगर जामुल निवासी लिंगो बाघ, अशोक बेहरा को पकड़ा है। एक आरोपी को पुलिस ने पहले पकड़ लिया था।

### दोस्त को घर छोड़ने जा रहे युवक पर चाकू से हमला

**भिलाई।** दोस्त को घर छोड़ने जा रहे युवक की चाकू घोंपकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना खुर्सीपार थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। खुर्सीपार थाना प्रभारी आनंद शुक्ला ने बताया कि 25 अप्रैल की रात रजत कुशवाहा अपने दोस्त सुनील को बाइक से घर छोड़ने जा रहा था। इस दौरान आरोपी गोलू सिंह ने दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में रजत की मौत हो गई जबकि सुनील वेंटिलेटर पर उपचार जारी हैं। आरोपी गोलू सिंह का किसी शराबी के साथ विवाद चल रहा था। तभी रजत व सुनील पहुंचे बीच बचाव के चलते गोलू ने दोनों युवकों पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। दोनों को गंभीर रुप से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां सोमवार को रजत की मौत हो गई। रजत और सुनील बालाजी नगर में गांधी विद्यालय के पास पहुंचे थे। तभी गोलू सिंह का अन्य युवक से विवाद चल रहा था। विवाद में रजत व सुनील बीच बचाव करने पहुंचने पर आरोपी गोली आक्रोश में आकर चाकू से हमला कर दिया। हमले में रजत के पेट, सीने में गंभीर चोटें आईं, जबकि सुनील को सीने, पेट और पीठ पर वार किया है। घटना के बाद आसपास के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे थे। दोनों घायलों को सुपेला के शासकीय अस्पताल लेकर गए।

# बेमेतरा में भीषण गर्मी, 45.5°C पर पहुंचा पारादो दिन के लिए हीटवेव का येलो अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सर्वाधिक स्तर है।

तापमान में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए मौसम विभाग ने अविभाजित जिले के लिए दो दिन का हीटवेव (लू) का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान स्थिति के पीछे कई मौसमीय प्रणालियां सक्रिय हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्र में ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है, जबकि उत्तर अंदरूनी कर्नाटक से कोमोरिन क्षेत्र तक द्रोणिका विस्तारित है। वहीं अंदरूनी महाराष्ट्र के ऊपर प्रति-चक्रवात का प्रभाव भी बना हुआ है, जिसके कारण प्रदेश में गर्म हवाओं का प्रवाह बढ़ गया है और तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना भी जताई गई है। तेज गर्मी का असर जनजीवन के साथ-साथ लोगों की सेहत पर भी पड़ने लगा है।

अस्पतालों में डिहाइड्रेशन, चक्कर, कमजोरी, उल्टी-दस्त जैसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिकित्सकों ने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, धूप में बाहर निकलने से बचने और हल्का भोजन लेने की सलाह दी है।

### येलो अलर्ट जारी, जनजीवन प्रभावित




#### तरल पदार्थों का सेवन करें

इधर बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में बदलाव किया है। अब 30 जून तक सभी आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होंगे, जबकि बच्चों के लिए समय सुबह 7 बजे से 9 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, सिर को ढककर रखें तथा अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करें, ताकि लू के प्रभाव से बचा जा सके।

### आंदोलन : निजी अस्पतालों में रेफर और डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर उठाए सवाल

# जिला अस्पताल में भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 7 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

जिला अस्पताल में व्याप्त अनियमितताओं, मरीजों को निजी अस्पतालों में रेफर किए जाने और सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस के खिलाफ जिला युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा।

जिला युवा कांग्रेस बेमेतरा के जिलाध्यक्ष प्रांजल तिवारी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि जिला अस्पताल में सुनियोजित तरीके से मरीजों को निजी अस्पतालों की ओर भेजा जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों का शोषण हो रहा है। प्रांजल तिवारी ने कहा कि जिला अस्पताल को "कमीशनखोरी और दलाली का केंद्र" बना दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को डराकर, गुमराह कर और दबाव बनाकर निजी अस्पतालों में भेजा जा रहा है, जो बेहद गंभीर और शर्मनाक स्थिति है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा अस्पताल में पर्याप्त संसाधन, मशीनें और स्टाफ उपलब्ध कराए जाने के बावजूद उनका सही उपयोग नहीं हो रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि एक सुनियोजित नेटवर्क के तहत मरीजों को निजी अस्पतालों की ओर धकेला जा रहा है। तिवारी ने कहा कि जो डॉक्टर सरकारी वेतन लेने के बावजूद निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं या मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने में शामिल हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन को 7 दिनों का समय देते हुए कहा कि यदि ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो युवा कांग्रेस चक्का जाम, घेराव और उग्र आंदोलन करेगी।



#### ये रहे उपथित

इस दौरान अतुल साहू, प्रतीक डूबे, राहुल जोशी, ऋत्विक तिवारी, ओमकार यदु, वतन मिश्रा, शुभम सोनी, देवेन्द्र सिन्हा, आशीष तिवारी, विवेक साहू, यासिफ़ खान, सोनू साहू, राजेश निषाद, भिखम साहू, रोमित साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में जिला अस्पताल की व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता लाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### अवैध शराब बिक्री की खबर पर आबकारी विभाग का त्वरित एक्शन

# 9 प्रकरणों में 43.165 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम झांकी में किराना दुकान की आड़ में अवैध शराब बिक्री की खबर को गंभीरता से लेते हुए आबकारी विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। विभाग के निर्देश पर आबकारी उप निरीक्षक नवागढ़ द्वारा मामले की जांच की गई। जांच प्रतिवेदन के अनुसार आबकारी टीम ने ग्राम झांकी स्थित संदिग्ध किराना दुकान एवं उसके परिसर की विधिवत तलाशी ली।

तलाशी के दौरान दुकान या परिसर से अवैध मदिरा का कोई भंडार बरामद नहीं हुआ, जिससे मौके पर खुलेआम अवैध बिक्री की सूचना की पुष्टि नहीं हो सकी। हालांकि, विभाग ने स्पष्ट किया कि संबंधित दुकान संचालक के विरुद्ध पूर्व में भी कार्रवाई की जा चुकी है। 31 मार्च 2026 को आरोपी द्वारा सार्वजनिक रूप से अवैध मदिरापान की सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36(सी) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। आबकारी विभाग द्वारा नवागढ़ क्षेत्र में अवैध मदिरा के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। विगत महीनों में विभाग ने धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत कुल 9 प्रकरण दर्ज करते हुए लगभग 43.165 बल्क लीटर मदिरा जप्त की है। इसके अलावा, संदिग्ध ढाबों एवं किराना दुकानों पर निगरानी बढ़ाने के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ग्राम झांकी सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध मदिरा की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। किसी भी शिकायत पर तत्काल दबिश देकर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।


फाइल : फोटो

# पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनना तयः दयाल दास बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- चुनावी प्रचार से लौटने पर माना विमानतल में हुआ भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

पश्चिम बंगाल के चुनाव में बीते माह भर से चुनावी प्रचार से लौटने पर केबिनेट मंत्री एवं क्षेत्र के विधायक दयाल दास बघेल का माना विमानतल में जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि "लंबे समय से चल रही अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति से आम जनता परेशान है।

भाजपा विकास, सुशासन और पारदर्शिता के एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से निश्चित ही वहां भाजपा की सरकार बनेगी।"

उन्होंने आगे कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और उसी विकास मॉडल को पश्चिम बंगाल में लागू करने की जरूरत है। वहीं जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि "दयाल दास बघेल जी ने पश्चिम बंगाल में पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। उनके नेतृत्व का लाभ निश्चित रूप से मिलेगा।"उन्होंने कहा कि "भाजपा देश की सबसे मजबूत पार्टी है और जनता अब बदलाव चाहती है। कार्यकर्ताओं का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। माना विमानतल में जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू के साथ जिला पंचायत सदस्य अंजय बघेल, भाजपा गया चंद्राकर,राजाराम ठाकुर, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सबीना खान,जिला भाजयुमो अध्यक्ष विजय वर्मा ▶▶| शेष पेज 11 पर



### जिला पंचायत अध्यक्ष ने गुणवत्ता व समय-सीमा का दिया निर्देश

# गुधेली-गाडामोर में 30 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन, ग्रामीणों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने विकासखंड बेरला के ग्राम गुधेली एवं गाडामोर में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला।

ग्राम पंचायत गुधेली में समरसता भवन परिसर में अहाता निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की लागत से कार्य का शुभारंभ किया गया। वहीं ग्राम पंचायत गाडामोर में सांस्कृतिक मंच के पास शेड निर्माण (10 लाख रुपये) तथा सीसी रोड निर्माण (शैल निर्मलकर के घर से मनोज के घर तक) के लिए 10 लाख रुपये की लागत से भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण से ही आमजन के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार संभव है। समरसता भवन में अहाता निर्माण से सामाजिक एवं सामुदायिक आयोजनों को बेहतर स्थान मिलेगा, वहीं सांस्कृतिक मंच के पास शेड बनने से स्थानीय कला एवं परंपराओं को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि सीसी रोड निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के समय होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए निर्माण कार्यों की निगरानी करें, ताकि कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही विकास कार्यों में पारदर्शिता और स्थायित्व आता है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य मानसिंह वर्मा, सरपंच इन्द्राणी वर्मा (गाडामोर), सरपंच सीमा परमेश्वर निषाद (गुधेली), उपसरपंच लिलेश (पंकज) वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पंचगण और ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के निरंतर विकास की अपेक्षा जताई।



### नशा मुक्ति के लिए संगठित व ठोस प्रयास जरूरी- कलेक्टर

# नारको को-ऑर्डिनेशन, सड़क सुरक्षा व नशा मुक्ति पर हुई समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- ब्लैक स्पॉट सुधार, हेलमेट-सीट बेल्ट अभियान व अतिक्रमण हटाने के निर्देश

कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनकॉर्ड), सड़क सुरक्षा, नशा मुक्त भारत अभियान, पशु क्रूरता निवारण तथा नवीन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछले माह लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगई ने नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रचलन पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं का भविष्य नशे की गिरफ्त में फँस रहा है, जिसे रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन को मिलकर सख्त एवं समन्वित कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा मुक्ति के लिए केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि निरंतर जनजागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत ने जानकारी दी कि जिले के राष्ट्रीय राजमार्गों एवं बेरला क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है। इन क्षेत्रों में ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड सहित आवश्यक सुरक्षा उपाय किए गए हैं। कलेक्ट्रेट के सामने भी स्पीड लिमिट बोर्ड, डिवाइडर एवं मास्ट लाइट की व्यवस्था के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को पत्राचार करने की बात कही गई। कलेक्टर ने पुलिस एवं परिवहन विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।अतिक्रमण व स्कूल बसों पर विशेष ध्यान मुख्य मार्गों और चौराहों पर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए, ताकि यातायात सुचारू रहे। साथ ही स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल बसों की फिटनेस जांच एवं सुप्रीम कोर्ट गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित करने कहा गया।




#### आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण

कलेक्टर ने सड़कों पर बैठने वाले आवारा पशुओं के प्रबंधन के लिए नगर पालिका एवं संबंधित विभागों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। जनजागरूकता पर विशेष जोर देते हुये कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों के पालन से नहीं, बल्कि जनजागरूकता से भी जुड़ी है। इसके लिए स्कूलों और कॉलेजों में विशेष कार्यशालाएं आयोजित कर युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन कर अपनी जिम्मेदारी निभाएं। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में जिले में नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए समन्वित रणनीति पर सहमति बनाई गई।

# महिला आरक्षण विधेयक पर भाजपा महिला मोर्चा का "जन-आक्रोश महिला सम्मेलन"

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- विधेयक पारित न होने पर महिलाओं में आक्रोश, विपक्ष के खिलाफ जोरदार नारेबाजी

महिला आरक्षण विधेयक के पारित न होने के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में "जन-आक्रोश महिला सम्मेलन" आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस दौरान महिलाओं में आक्रोश देखने को मिला और विपक्ष के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती शीतल नायक एवं दुर्ग महापौर श्रीमती अल्का बागमारे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को पारित न होने देना महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय है और यह देश की आधी आबादी की आवाज को दबाने का प्रयास है।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने आक्रामक तेवर में कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को रोकना देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता और नेत्री भी पार्टी के इस रुख से नाराज हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस का महिला आरक्षण कुछ चुनिंदा नेताओं तक सीमित है और जमीनी स्तर की महिलाओं का सिर्फ उपयोग किया जाता है। अब महिलाएं चुप नहीं बैठेंगी और अपने अधिकारों के लिए हर स्तर पर आवाज उठाएंगी। प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला आरक्षण का विरोध संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। जो लोग ▶▶| शेष पेज 11 पर



**खबर संक्षेप**

### बिरेभाठ में हो रहा था जर्दायुक्त मुसाफिर गुटखे का प्रोडक्शन, फैक्ट्री की गई सील

दुर्ग। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सोमवार को प्रशासन के निर्देश पर बिरेभाट में जर्दायुक्त फैक्ट्री सील कर दी। उपसंचालक डॉ. मनोज दानी एवं अभिहीत अधिकारी जितेन्द्र कुमार नेले के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। इससे पहले खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने अहिवारा क्षेत्र में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यापारियों ने बताया कि ग्राम बिरेभाठ, थाना नंदिनी में अवैध रूप से स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने वाला जर्दा युक्त पान मसाला का निर्माण किया जा रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की गई, जहां मुसाफिर ब्रांड नाम से स्वास्थ्य के लिए हानिकारक जर्दा युक्त पान मसाले का निर्माण करते हुए पाया गया। मौके पर विक्रय हेतु तैयार 51 कट्टी जर्दा युक्त पान मसाला बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 3,18,240 रुपये है। फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों से उत्पाद के निर्माणकर्ता के संबंध में पूछताछ करने पर वे कोई जानकारी नहीं दे सके।

## आरोप : हितग्राहियों को चार माह बाद भी सब्सीडी की राशि नहीं मिली

# वेंडर्स की मनमानी और विभागीय साठगांठ से गहराया लोन घोटाले का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया



- हितग्राहीयो को चार माह बाद भी सब्सीडी की राशि नही मिली

प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' जिले मे इस समय गंभीर विसंगतियों और पारदर्शिता के अभाव से जूझ रहा है। जमीनी स्तर पर किए गए सर्वे और विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, योजना के नाम पर उपभोक्ताओं के साथ वित्तीय ठगी की आशंकाएं प्रबल हो गई हैं।

तकनीकी जानकारों का मानना है कि 3 किलोवाट (3kW) का सोलर सिस्टम, ब्रांडेड पैनल और गुणवत्तापूर्ण 'हॉट डिप गैल्वेनाइज्ड' स्ट्रक्चर के साथ 1.80 लाख से 2 लाख रुपए के अंदर सुगमता से लगाया जा सकता है, परंतु कुछ वेंडर्स द्वारा बैंकों में 2.10 लाख से 2.40 लाख रूपए तक के अत्यधिक कोटेशन भेजे जा रहे हैं। यदि बैंकिंग प्रणाली ने इन लोन आवेदनों की बारीकी से जांच नहीं की जाय तो यह भविष्य में एक बड़े 'लोन घोटाले' का रूप भी ले सकता है। उक्त योजना केवल अधिकारी व वेन्डरो को लाभ पहुंचाने तक ही सिमित रह गया है, सोलर पैनल लगे चार माह बीत गये हितग्राहीयो को अब तक 1.8 लिख की सब्सीडी नही मिल पारी है। बैंकों के लिए अब यह अनिवार्य हो गया है कि वे फाइनेंस से पहले आरटीएस साइट फिजिबिलिटी रिपोर्ट, जियो-ट्रैकिंग फोटो और कार्य पूर्ण होने के बाद डीसीआर सर्टिफिकेट जैसे मानकों का सख्ती से पालन करने की जरूरत है। ताकि उपभोक्ताओं को ठगी से बचाया जा सके। मामले की गंभीरता तब और बढ़ जाती है। जब बिजली विभाग के कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता के तथ्य सामने आते हैं। आरोप है कि विभाग में कार्यरत कुछ अधिकारी अपने शासकीय दायित्वों को किनारे रखकर पसंदीदा वेंडर्स के लिए 'एजेंट' के रूप में कार्य कर रहे हैं। जब उपभोक्ता दस्तावेजों में सुधार के लिए दफ्तर पहुंचते हैं, तो उन्हें 'साहब' के करीबी वेंडर्स से ही काम कराने का दबाव दिया जाता है, जिससे ईमानदार वेंडर्स के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता है।

इस भ्रष्ट नेक्सस के कारण न केवल घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है, बल्कि शासन की इस जनकल्याणकारी योजना की साख पर भी बट्टा लग रहा है। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग, राज्य विद्युत मंडल और समस्त जिला कलेक्टरों को तत्काल संज्ञान लेते हुए एक विशेष जांच दल का गठन कर उचित कार्रवाई की दरकार है।

### सभी इंस्टॉलेशन की भौतिक जांच की जाए

गौरतलब है कि इन दिनो बेमेतरा जिले मे सब्सिडी के लालच के साथ ही बिजली बिल से राहत की दुहाई देकर घरो घर उर्जा व विद्युत मण्डल के देखरेख मे चयनित वेःडरो द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजनांतर्गत सोलर सिस्टम लगायी जा रही है जिसमे केन्द्र सरकार से 78 हजार व राज्य शासन द्वारा 30 हजार कुल 1.8 लाख की सब्सीडी दी जा रही है 01 लाख रुपए हितग्राही को वहन करना पडता है लेकिन उक्त योजना का कोई बडा लाभ होते नही दिख रहा बल्कि लोन के नाम पर भ्रष्टाचार की भेट चढते दिख रहा है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि अब तक हुए सभी इंस्टॉलेशन की भौतिक जांच की जाए ताकि गुणवत्ता और वास्तविक लागत मूल्य पता चल सके। यदि समय रहते इस कार्यप्रणाली में सुधार नहीं लाया गया, तो सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के खिलाफ प्रमुख विपक्षी दलों को एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा मिल सकता है, जिससे प्रशासन की छवि धूमिल होने का खतरा है। खबर है कि सोलर पैनल वाले उपभोक्ताओ को 400 सौ युनिट बिजली खपत की छूट प्रदान की गयी है उन्हे बिल भूगतान की आवश्यकता नही है। जबकि सोलर पैनल की गारंटी का भी कोई आता पता नही है। उक्त योजना हेतु वेंडरो द्वारा शासकीय सेवको को ही निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे में पैनल की विस्तविक लागत मूल्य व वेंडरो द्वारा प्रस्तुत कोटेशन राशि की सक्षम जांच कार्रवाई की आवश्यकता है।

## जनगणना कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश, कलेक्टर ने तैयारियों की ली समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर ने प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष दिशा भवन में जनगणना 2027 की तैयारियों और प्रारंभिक चरणों की समीक्षा के लिए अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली।

बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार्य नहीं की जाएगी।कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे जनगणना से जुड़े कार्यों को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखें। उन्होंने कहा कि समय-सीमा के भीतर डेटा संग्रह और सत्यापन का कार्य पूर्ण होना चाहिए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निचले स्तर पर तैनात प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाया जाए, ताकि डिजिटल डेटा प्रविष्टि में कोई त्रुटि न हो। जनसंपर्क विभाग और स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए कि वे नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि /"जनगणना कार्य में आमजन की सक्रिय भागीदारी और सही जानकारी देना अनिवार्य है। कलेक्टर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी शिविर स्थलों में पर्याप्त मात्रा में पेय जल की व्यवस्था, छाएं की व्यवस्था के साथ ही मेडिकल किट की व्यवस्था रखने निर्देशित की है।

**संगठन में संवाद की कमी**

# भाजपा परपोड़ी मंडल में गुटबाजी खुलकर सामने जन्मदिन कार्यक्रम को लेकर नेताओं के बीच खींचतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर/परपोड़ी



भाजपा परपोड़ी मंडल में अंदरूनी गुटबाजी एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रमोद साहू के जन्मदिन कार्यक्रम को लेकर संगठन के भीतर विवाद की स्थिति बन गई, जिससे कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच तनाव देखने को मिला।

बताया जा रहा है कि प्रमोद साहू ने अपने जन्मदिन कार्यक्रम का आमंत्रण फोन कॉल और भाजपा के व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से दिया था। उनके समर्थकों द्वारा परपोड़ी शहर में लगाए गए फ्लेक्स में सांसद, विधायक और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू की तस्वीर शामिल की गई, लेकिन मंडल महामंत्री का फोटो नहीं लगाया गया। इसी बात को लेकर विवाद की शुरुआत हुई। कार्यक्रम से ठीक पहले भाजपा मंडल महामंत्री डॉ. कमलेश साहू ने मंडल के व्हाट्सऐप ग्रुप में संदेश पोस्ट करते हुए लिखा चलो देखते हैं। कौन-कौन भाजपा नेता संगठन को किनारे कर मंडल में कार्यक्रम करवाते हैं और उसमें शामिल होते हैं। इस संदेश के बाद कार्यकर्ताओं में नाराज़गी फैल गई। कई कार्यकर्ताओं ने इसे व्यक्तिगत कार्यक्रम में हस्तक्षेप और सामंती मानसिकता का उदाहरण बताते हुए विरोध जताया। इसके बावजूद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल हुए।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जब संगठन में संवाद की कमी होती है, तो इस तरह की स्थितियां पैदा होती हैं, जिससे बिखराव बढ़ता है। कार्यकर्ताओं के बीच यह भी चर्चा है कि यदि नेतृत्व में "हम" की बजाय "मैं" की भावना हावी हो जाए और योग्य कार्यकर्ताओं की अनदेखी हो, तो इसका असर चुनावी परिणामों पर भी पड़ सकता है। कार्यक्रम में तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष रेवा निषाद, वरिष्ठ नेता नथमल कोठरी, सोसायटी अध्यक्ष राजेश दुबे, चंद्रशेखर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनीता साहू, महामंत्री मधु राजपूत, तहसील अध्यक्ष साहू संघ हेमसिंह साहू सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। यह पूरा घटनाक्रम संकेत देता है कि परपोड़ी भाजपा में अंदरूनी समन्वय की कमी और गुटबाजी बढ़ रही है। अब देखना होगा कि शीर्ष नेतृत्व इस मामले को कैसे सुलझाता है और संगठन को एकजुट रखने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

### पंडवानी गायिका तीजन का स्वास्थ्य स्थिर

भिलाई। पिछले दो साल से अस्वस्थ चल रहीं प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की टीम सोमवार को उनके गांव गनियारी स्थित निवास पहुंची। मेडिकल टीम द्वारा उनका बीपी, हार्ट बीट आदि जांच की गई। परीक्षण के बाद उनकी सेहत स्थिर बताई गई और खानपान भी पहले की तरह है। मेडिकल टीम द्वारा पंडवानी गायिका के स्वास्थ्य की जांच के बाद सभी महत्वपूर्ण संकेतक (वाइटल्स) स्थिर पाए गए। उनकी यथावत फिजियोथेरेपी कराई गई और सभी दवाइयों की सूची की भी जांच की गई। डाक्टरों के मुताबिक तीजन बाई का स्वास्थ्य स्थिर है और खानपान पूर्व की तरह है। पद्मविभूषण तीजन बाई के स्वास्थ्य की जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम में बीएमओ डॉ. बी. कथोटिया, आईएमओ डॉ. शिखर अग्रवाल, एमओ डॉ. निवेदिता गार्दिया, डॉ. दीपमाला चंद्राकर, संजय सेन, रंजू विश्वास शामिल थे।





